## महत्वपूर्ण एवं खास

### पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना: कक्षा 6 वीं का लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को

**रायगढ़।** पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं का लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़ को बनाया गया है एवं प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़ को केन्द्राध्यक्ष बनाया जाता है। सभी विद्यार्थी केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व उपस्थित होकर लिखित चयन प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पालना कार्यकर्ता पद के लिए अनंतिम सूची जारी, 19 मार्च तक तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ट्रांसपोर्टनगर वार्ड क्रमांक 42 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र ट्रांसपोर्टनगर वार्ड क्रमांक 42, आंगनबाड़ी केन्द्र चमड़ा गोदाम वार्ड क्रमांक 38 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र कुम्हारपारा वार्ड क्रमांक 7 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए तथा दया गली वार्ड क्रमांक 35, प्रेम नगर वार्ड क्रमांक 27, आशीर्वादपुरम कालोनी वार्ड क्रमांक 6, आदर्श नगर वार्ड क्रमांक 38 एवं जूना बड़पारा वार्ड क्रमांक 20 में पालना कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पदपूर्ति के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक पर 10 मार्च से 19 मार्च 2025 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति मंगाए गए है। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में अथवा डाक के द्वारा जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कक्षा 10 वीं गणित विषय की परीक्षा संपन्न

**12,509 परीक्षार्थी में 496 अनुपस्थित रहे**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 7 मार्च को गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 12 हजार 509 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 013 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 496 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर अंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) द्वारा पालना केन्द्र झोपड़ीपारा पतरापाली वार्ड क्र.44 एवं पुलिस लाईन उर्दना वार्ड क्र. 44 नगरपालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में पालना कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका के एक-एक पद, आंगनबाड़ी केन्द्र बरपाली क्रमांक 1 ग्राम पंचायत बरपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 पद, पालना केन्द्र बड़े अतरमुड़ा क्रमांक 1 ग्राम पंचायत बड़े अतरमुड़ा में पालना कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका के एक-एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ट-4 में प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इस संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे दावा आपत्ति आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में 17 मार्च 2025 तक सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### सब इंस्पेक्टर अभ्यर्थी की ट्रेनिंग के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर से एक दुखद और दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सब इंस्पेक्टर अभ्यर्थी की ट्रेनिंग के दौरान अचानक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, अभ्यर्थी राजेश कोसरिया की तबीयत दौड़ने के दौरान बिगड़ी, जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। यह घटना रायपुर जिले के चंद्रखुरी गांव में हुई। राजेश कोसरिया एक सप्ताह पहले ही सब इंस्पेक्टर भर्ती की ट्रेनिंग में शामिल हुए थे। मंगलवार सुबह सभी अभ्यर्थियों को दौड़ने के लिए कहा गया, और कुछ देर दौड़ने के बाद अचानक राजेश की तबीयत बिगड़ी। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश कोसरिया का नाम 10 मार्च को होने वाली नियुक्ति पत्र वितरण की सूची में भी था, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसके बाद मृतक के परिवार ने जांच की मांग की है, क्योंकि यह हादसा उनके लिए एक बड़ा सदमा है। राजेश की मौत की खबर ने उसके परिवार और ट्रेनिंग में शामिल अन्य अभ्यर्थियों को गहरा सदमा पहुंचाया है। अब परिवार जांच की मांग कर रहा है ताकि इस घटना के कारणों का पता चल सके।

# जन औषधि दिवस का हुआ आयोजन

## लोकसभा सांसद राठिया एवं राज्यसभा सांसद सिंह ने लोगों को पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र में मिलने वाली रियायती दवाओं की दी जानकारी, लोगों से लिए फीडबैक

**रायगढ़**









संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति, शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ एवं केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में आज जन औषधि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, नवनिर्वाचित महापौर जीवर्धन चौहान, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.विनीत जैन, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ.मिंज, सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ.दिनेश पटेल, डीपीएम रंजना पैकरा, डॉ.कैनन डेनियल, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया एवं राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मेडिकल कॉलेज एवं केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड स्थित पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाईयों की जानकारी लेते हुए पर्याप्त मात्रा में सभी दवाईयों को रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने लोगों को जन औषधि केंद्र के रियायती एवं गुणवत्ता पूर्ण दवाईयों की जानकारी देते हुए कहा पीएम नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप लोगों को जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ती दवाईयां उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि मरीजों को महंगे दवाईयों से होने वाले खर्च से राहत मिल सके। उन्होंने पीएम जन औषधि केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों के उपयोग हेतु लोगों को प्रोत्साहित किए। मौके पर मरीजों से बातचीत कर केंद्र में मिलने वाली दवाईयों के संबंध में फीडबैक भी लिए। लोगों ने बताया कि जन औषधि केंद्र में अन्य मेडिकल स्टोर से कम कीमत में अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण दवाईयां मिल रही है। जिससे आर्थिक रूप से काफी राहत मिली है।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर जीवर्धन चौहान ने मेडिकल कॉलेज में पीएम जन औषधि केंद्र में हुए विक्रय की जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.विनीत जैन ने माह वार विक्रय की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 19 लाख 95 हजार 243 रुपए की विक्रय किया जा चुका है। वहीं मरीजों को मेडिकल कॉलेज में स्थित पीएम जन औषधि केंद्र से 50 से 90 प्रतिशत की रियायत पर गुणवत्ता पूर्ण दवाईयां उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाईयां लिखी जा रही है।

## प्लेसमेंट कैम्प 12 मार्च को, 139 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़**



निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 12 मार्च 2025 को समय प्रात: 10.30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जिला रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें रिक्त विभिन्न 139 पदों पर भर्ती होगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि.रायगढ़ में फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, मे.ऑटो सेंटर महिन्दा शोरूम में सेल्स कन्सलटेंट, सर्विस एडवाईजन, टेक्नीशियन, स्पेयर पार्टस असिस्टेंट मैनेजर, सर्विस मैनेजर, टेली कॉलर, सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स मैनेजर, ड्राईवर, वाशिंग एसोसिएट (कार वाशिंग), फ्लोर सुपरवाईजर, टेक्नीकल मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा मे.काली अलोइंस उद्योग प्रा.लि.रायगढ़ में सीएचपी /सिलो ऑपरेटर (पीपी) (अप्रेन्टिसशिप), फिटर (डीआरआई अप्रेन्टिसशिप), इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन (पीपी) (अप्रेन्टिसशिप), लैब कमेस्टि (डीआरआई अप्रेन्टिसशिप), आईटीआई इलेक्ट्रीशियन (डीआरआई) (अप्रेन्टिसशिप) तथा टीजी (फील्ड ऑपरेटर) (अप्रेन्टिसशिप)के पद रिक्त है।

### होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 12 मार्च तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** छ.ग. शासन पर्यटन विभाग के अधीन संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर द्वारा बीएससी डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 12वीं उत्तीर्ण छात्रों (आयु सीमा में बंधन नहीं) को प्रवेश दिया जाएगा। उत्तीर्ण छात्रों को पं. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। अतएव शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इच्छुक आवेदक 12 मार्च 2025 तक संस्थान के ई-मेल ihmraipur@gmail.com में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन फार्म हेतु संस्थान की वेबसाईट www.ihm.com एवं सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण, रायगढ़ में संपर्क किया जा सकता है।

## चोरी की बाइक बेचने की फिराक में युवक गिरफ्तार, पुसौर पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



शाम पुसौर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को चिखली बाजार के पास दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी राम सिदार (28) निवासी चिराईपानी पूंजीपथरा के कब्जे से 5 मार्च को मंगल बाजार बुनगा से चोरी हुई हीरो एचएफ सीडी डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।

बाइक चोरी की रिपोर्ट आज दोपहर थाना पुसौर में ग्राम जेवरीडीह निवासी अलेख राम चौहान (50) ने दर्ज कराई थी। रिपोर्टकर्ता के अनुसार, 5 मार्च की सुबह वह अपनी काली-लाल रंग की मोटरसाइकिल (सीजी 13 ए.सी. 2075) लेकर मंगल बाजार बुनगा गया था। वाहन को रोड लॉक कर बाजार में खरीदारी के लिए गया, लेकिन लौटने पर बाइक गायब मिली। थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 48/2025 के तहत धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

थाना प्रभारी पुसौर द्वारा सक्रिय किये गये मुखबिर से सूचना मिली कि चिखली बाजार के पास एक युवक संदिग्ध मोटरसाइकिल का ग्राहक तलाश रहा है। तत्काल घेराबंदी कर पुलिस टीम ने आरोपी राम सिदार को पकड़ा, जिसने पूछताछ में चोरी की बात कबूल ली। आरोपी ने बताया कि उसने मंगल बाजार बुनगा से बाइक चोरी कर उसे बेचने की योजना बनाई थी। उसके मेमोरेंडम पर बाइक (सीजी 13 ए.सी. 2075 कीमत 25000 रूपये) जब्त कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रोहित बंजारे, एएसआई उमाशंकर नायक और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## एनआरआई के साथ ज़मीन धोखाधड़ी का मामला

**परिजनों पर फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप**

**रायगढ़ । आरएनएस**




रायगढ़ जिले के खरसिया में एक एनआरआई (प्रवासी भारतीय) परिमल पटेल के साथ संपत्ति धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने परिजनों पर स्वयं की उपस्थिति के फर्जी दस्तावेज तैयार कर ज़मीन को अपने नाम कराने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़ित ने खरसिया थाना सहित रायपुर पुलिस मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की मांग की है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि वह 1999 से अमेरिका में रह रहे हैं और 2005 में अमेरिकी नागरिकता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भारत में नहीं होने का फायदा उठाकर उनके परिजनों ने जमीन के नामांतरण हेतु उनके नाम पर स्थानीय पते पर नोटिस भिजवाया और उनका स्वयं फर्जी हस्ताक्षर करते हुए उसे नोटिस की तमिल भी दिखा दी गई ऐसे में जब परिमल पटेल न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए तो न्यायालय को धोखा देते हुए प्रकरण में एक्स पार्टी अर्थात एक पक्षीय आदेश जारी करवाते हुए जमीन को परिजनों ने अपने नाम पर करवा लिया।

शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ वह सभी दस्तावेज़ संलग्न किए गए हैं, जिनमें फर्जी हस्ताक्षर, पासपोर्ट और जब-जब वो अमेरिका से यहां आए हैं तब की पासपोर्ट में एंट्री के सबूत शामिल हैं। पीड़ित ने पुलिस से गहन जांच की मांग की है ताकि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सके और संपत्ति पर उनका अधिकार बहाल किया जाए।

दस्तावेजों को देखकर प्रथम दृष्टिया यह मामला बेहद गंभीर नजर आ रहा है और निश्चित ही इसमें आरोपियों के ऊपर पुलिस का शिकंजा शीघ्र ही कसने वाला है। बहरहाल अब यह शिकायत कानूनी जांच के दायरे में है और पुलिस संपत्ति के दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। यह मामला एनआरआई संपत्ति विवादों की बढ़ती घटनाओं को उजागर करता है, जहां प्रवासी भारतीयों की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर जमीनी हेराफेरी के मामले सामने आते रहते हैं। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर । आरएनएस**




छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। इनमें दो बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं, जो डिविजनल कमेटी मेंबर (डीवीसीएम) रैंक के थे और कई नक्सली हमलों में शामिल रहे हैं। सरेंडर करने वाले 11 नक्सलियों पर कुल 40 लाख रुपए का इनाम घोषित था। दो डीपीसीएम कैडर पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था। एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था और अन्य नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार, इन नक्सलियों ने सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के कारण आत्मसमर्पण किया। प्रशासन का कहना है कि वे अब हिंसा छोडक़र समाज की मुख्यधारा से जुडऩा चाहते हैं। इस आत्मसमर्पण को पुलिस और प्रशासन के नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज में पुन: बसाने के लिए आवश्यक सहायता दी जाएगी।

### नक्सलियों के मांद में घुसकर सुरक्षाबलों ने तोड़ा स्मारक

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों ने आज नक्सलियों की मांद में घुसकर उनका मनोबल तोड़ दिया है. प्रदेश के अंतिम छोर और तेलंगाना से सटे पुजारी कांकेर में नक्सलियों का कई फीट ऊंचे स्मारक को जवानों ने ध्वस्त कर दिया है. यह स्तंभ दोनों राज्यों की सीमा पर पुजारी कांकेर के तामील भट्टी में स्थित था और नक्सलियों के आतंक के चलते इसे इंटरस्टेट रेड कारीडोर के रूप चर्चित था, जिसे आज जवानों ने तोड़ दिया है.बता दें, बीते दिनों इसी इलाके में जवानों ने नक्सलियों से मुठभेड़ में 12 हार्डकोर नक्सली मार गिराए थे. इसके साथ ही सुरक्षा बल के जवानों ने हाल ही में यहां (पुजारी कांकेर) में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस कैंप भी स्थापित किया है.

## विष्णु देव साय सरकार की नई औद्योगिक नीति से निवेशकों का बढ़ा रुझान, अब तक 1.23 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनाई गई नई औद्योगिक नीति से निवेशकों का उत्साह चरम पर है. राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है. अब तक प्रदेश को 1,23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं. यह आंकड़ा राज्य में तेजी से बढ़ते औद्योगिक विकास और आर्थिक सुधारों की ओर इशारा करता है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने नवाचार, निवेश और उद्योगों के विकास को प्राथमिकता देते हुए नई औद्योगिक नीति (2024-2029) लागू की है. इस नीति के तहत बड़े, मध्यम और लघु उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और रियायतें दी जा रही हैं, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है.

निवेश प्रस्तावों में रिकॉर्ड वृद्धि

छत्तीसगढ़ सरकार के उद्योग विभाग के अनुसार, पिछले छह महीनों में राज्य को 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. इन प्रस्तावों में मुख्य रूप से इस्पात, ऑटोमोबाइल, फार्मा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा, एग्री-प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश शामिल हैं. वर्तमान में, सरकार ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी भी दे दी है और कई निवेशकों के साथ बातचीत अंतिम चरण में है. इन निवेशों के कारण राज्य में लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है.

औद्योगिक नीति (2024-2029) की प्रमुख विशेषताएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लागू की हैं, जिनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित शामिल हैं:

कर रियायतें और अनुदान: नए उद्योगों को कई प्रकार की कर छूट और अनुदान प्रदान किए जा रहे हैं. राज्य सरकार ने एसजीएसटी में छूट, स्टांप ड्यूटी में कटौती और सस्ती दरों पर भूमि आवंटन की व्यवस्था की है.

एकल खिडक़ी प्रणाली: निवेशकों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से बचाने के लिए तेजी से मंजूरी की सुविधा दी गई है.

उद्योगों के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्श्वं): सरकार ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा में नई औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना बनाई है.

ग्रीन इंडस्ट्रीज को बढ़ावा: राज्य में पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे सौर ऊर्जा, बायो-फ्यूल और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा.

कौशल विकास और रोजगार: औद्योगिक निवेश को देखते हुए राज्य सरकार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दे रही है, ताकि उन्हें नए उद्योगों में रोजगार मिल सके.

बड़े निवेशकों की रुचि बढ़ी

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति से देश-विदेश की बड़ी कंपनियां निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं. हाल ही में, कई प्रमुख उद्योग समूहों ने राज्य में अपनी परियोजनाएं स्थापित करने की घोषणा की है.

टाटा स्टील ने 5500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्टील प्लांट के विस्तार की योजना बनाई है.

अडानी ग्रुप राज्य में सौर ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स हब पर निवेश कर रहा है.

आईटीसी और पतंजलि जैसे प्रमुख ब्रांड राज्य में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की योजना बना रहे हैं.

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई है.

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480